**प्रेस नोट –**

**थाना टहरौली (झाँसी)**

**दिनांक 01.07.2025**

- **स्वाट एवं थाना टहरौली पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा हत्या एवं लूट की घटना से सम्बन्धित अभियुक्त पुलिस मुठभेड़ में घायल/गिरफ्तार -**
- **कब्जे से सोने-चाँदी के आभूषण (कीमत करीब 08 लाख), नगदी व अवैध तमंचा-कारतूस बरामद –**

कृपया अवगत कराना है कि अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर, श्री आलोक सिंह व पुलिस उपमहानिरीक्षक, झाँसी परिक्षेत्र, झाँसी, श्री केशव कुमार चौधरी के कुशल पर्यवेक्षण व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, झाँसी श्री बीबीजीटीएस मूर्ति के कुशल निर्देशन में झाँसी पुलिस द्वारा अपराध नियंत्रण की दिशा में घटनाओं की रोकथाम तथा अपराधियों के विरुद्ध की जा रही प्रभावी कार्यवाही के क्रम में थाना आज दिनांक 01.07.2025 को थाना टहरौली पर पंजीकृत मु0अ0सं0 123/25 धारा 103(1)/61(2) बीएनएस से सम्बन्धित अभियुक्त अनिल वर्मा पुत्र मदनलाल वर्मा उम्र करीब 40 वर्ष निवासी रेशम मील पुरानी लाइन विरला नगर थाना हजीरा जनपद ग्वालियर म0प्र0 को बघैरा रोड घुरैया तिराहा थाना टहरौली क्षेत्र में चेकिंग के दौरान पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार किया गया है।

बदमाश की जीवन रक्षार्थ उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। बदमाश के कब्जे से सोने-चाँदी के आभूषण (कीमत करीब 08 लाख), नगदी व अवैध तमंचा-कारतूस बरामद हुआ है। पुलिस मुठभेड़ के सम्बन्ध में थाना टहरौली पर अभियुक्त के विरुद्ध सुसगंत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही सुनिश्चित की जा रही है।

उल्लेखनीय है कि उपरोक्त अभियोग में 02 अभियुक्ताओं को दिनांक 28.06.2025 को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है।

**गिरफ्तार अभियुक्त –** अनिल वर्मा पुत्र मदनलाल वर्मा उम्र करीब 40 वर्ष निवासी रेशम मील पुरानी लाइन विरला नगर थाना हजीरा जनपद ग्वालियर म0प्र0।

**बरामदगी –** 1. चार चूड़ी पीली धातु 2.एक हार पीली धातु 3.एक मंगलसूत्र पीली धातु 4. एक गले की चेन पीली धातु 5.दो मोती की माला व पैन्डल पीली धातु 6. दो टॉप्स पीली धातु 7.एक जोड़ी भारी पायल सफेद धातु 8. एक करधनी सफेद धातु 9. एक कान की वाली पीली धातु 10.दो जोड़ी पायल सफेद धातु हल्की 11. एक ब्रेसलेट सफेद धातु 12.एक फूल पाली धातु आदि। एक अदद अवैध तमंचा 315 बोर व 1 जिन्दा व खोखा कारतूस।

**पुलिस टीम –** 1- प्रभारी निरीक्षक थाना टहरौली मय पुलिस टीम **2 –** प्रभारी स्वाट मय टीम।